**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 26.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **आरटीसी कार्यालय (ट्रेनिंग सेल) में तैनात पुलिस कर्मी ने पेश की मानवता की मिशाल । बीमार बच्चे को रक्तदान कर बचायी जान ।**

**विवरण-** जरुरतमंद को रक्तदान कर बांदा में पुलिस कर्मी द्वारा मानवता की मिशाल पेश की गई । ट्रेनिंग सेल में तैनात आरक्षी विवेक यादव द्वारा कल्पना हॉस्पिटल कालू कुआँ बांदा में भर्ती बच्चे को रक्तदान कर जान बचायी । गौरतलब हो कि आज दिनांक 25.09.2025 की देर रात्रि जनपद हमीरपुर के मौदहा के रहने वाले अनिल कुमार का 04 वर्षीय बच्चा शौर्य काफी बीमार था व कल्पना हॉस्पिटल कालू कुआं बांदा में भर्ती था जिसे तत्काल $O^+$ रक्त की आवश्यकता थी । कहीं से रक्त उपलब्ध नही हो पाया, इसकी सूचना ट्रेनिंग सेल में नियुक्त आरक्षी विवेक यादव को हुई तो उनके द्वारा तत्काल अस्पताल में भर्ती बच्चे को $O^+$ रक्त दान किया गया । समय से रक्त मिलने से बच्चा स्वस्थ्य है । परिजनों द्वारा आरक्षी का हृदय से आभार व्यक्त किया गया ।